आज दिनांक 25 फरवरी, 2019 को अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ में प्रबंधन विभाग के तत्वावधान में एक अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसका विषय था – "Journey of an Entrepreneur" . इस अवसर पर सी.ए. प्रियंका गर्ग मुख्य वक्ता के रूप से उपस्थित थीं । महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता की प्रेरणा से विद्यार्थियों के उत्साह को बढ़ाने के लिए इस प्रकार के व्याख्यान होते रहते हैं । इसी कड़ी में यह कार्यक्रम डॉ. शिल्पा गोयल के मार्गदर्शन में कराया गया । श्रीमती प्रियंक गर्ग ने अपने वक्तव्य में व्यवसाय और नौकरी के बीच में अंतर को संक्षिप्त रूप से समझाया । इसके साथ ही **Push Factor** एवं **Pull Factor** द्वारा उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए ऑनलाइन डिजिटल वर्ल्ड का मतलब समझाया और सरकार द्वार स्वचालित स्कीमों के बारे में भी जानकारी दी । साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों का प्रोत्साहन बढ़ाते हुए कहा कि कोई भी व्यवसाय शुरू करने से पहले अपने लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए और फिर उस पर काम करना चाहिए । विद्यार्थियों ने इस व्याख्यान को बड़े उत्साह एवं रूचि के साथ सुना । सेमिनार में प्रबंधन विभाग के सभी सदस्य एवं विद्यार्थी उपस्थित थे ।